NBT
संडे नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली > रविवार, 27 मई 2018 > ज्येष्ठ 06 शक संवत 1940 ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम 2075 पेज 34* > मूल्य 5.00 या 10.50 रुपये संडे टाइम्स ऑफ इंडि

'सेंचुरी' लगाने में स्कूल भी आगे कई ने 100 पर्सेंट रिजल्ट दिया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में दिल्ली के स्कूलों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एएसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मयूर विहार में साइंस स्ट्रीम की इशिता सैनी ने 97 पर्सेंट स्कोर किया है, इसी स्कूल में हरिनिश्री स्वामीनाथन को 96.2 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं। जीएमसीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी का

एम.एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा का रिजल्ट 100 पर्सेंट है और साइंस स्ट्रीम की लक्ष्मी सोनी ने 97 पर्सेंट के साथ टॉप किया है। दीप्ति दहिया ने 96 और गौरी अग्रवाल ने 94 पर्सेंट के साथ स्कूल में टॉप किया है। स्कूलों में अलग-अलग सब्जेक्ट्स में 100 पर्सेंट स्कोर करने वालों की संख्या बढ़ी है। माउंट आबू

पर्सेंट से ज्यादा स्कोर करने वाले 109, साकेत में 43 और पुष्प विहार में 67 स्टूडेंट्स शामिल हैं। एमिटी स्कूल पुष्प विहार में क्षितिज गिरधर और साकेत में मेघना प्रदीप ने आर्ट साइड में 98.2 पर्सेंट का स्कोर हासिल किया है। एमिटी मयूर विहार में जिवितेश जैन ने 98 पर्सेंट के साथ टॉप किया है और संस्कृति को 97.8 पर्सेंट मिले हैं। आरडी पब्लिक स्कूल कृष्ण विहार का रिजल्ट भी बेहतर रहा है और यहां पर 90 पर्सेंट से ज्यादा स्कोर करने वाले बढ़े हैं। विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मयूर विहार में अथीरा रैमानन को 95.4 और विनीत बख्शी को 95 पर्सेंट स्कोर हासिल हुआ है। डीपीएस आरकेपुरम के सिद्धांत पांडा और प्रशांत लोहिया ने साइंस स्ट्रीम में 98.4 पर्सेंट और कॉमर्स स्ट्रीम में आदित्य अग्रवाल ने 98.4 पर्सेंट हासिल किए हैं।

तिहाड़ में कैद अलगाववादी की बेटी कश्मीर टॉपर

■ भाषा, श्रीनगर : सीबीएसई के 12वीं के नतीजों में अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की बेटी शमा शब्बीर जम्मू-कश्मीर में टॉपर रही हैं। स्कूल के एक अधिकारी ने बताया कि अठवाजन के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की स्टूडेंट शमा शब्बीर ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी

शमा शब्बीर ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए

(जेकेडीएफपी) के अध्यक्ष शब्बीर शाह की बेटी हैं, जो फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल सितंबर में शाह को घाटी में अशांति फैलाने के लिए टेरर फंडिंग के कथित मामले में गिरफ्तार किया था। जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शमा की सफलता पर बधाई दी और कहा कि वह वाकई में हमारे राज्य के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। महबूबा ने ट्विटर पर कहा शमा की मेहनत और दृढ़ निश्चय ने सभी विपरीत परिस्थितियों से निकलने में मदद की और वह हमारे राज्य के युवाओं के लिए वाकई में एक प्रेरणा हैं।